भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
DIGITAL - EPAPER
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 88 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 14 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# विधानसभा स्पीकर पर डोटासरा ने लगाए गंभीर आरोप

## बोले कैमरों का कंट्रोल स्पीकर के पास , उनका फोकस महिलाओं पर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा में लगे दो हिडन कैमरों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पर गंभीर आरोप लगाए है । डोटासरा ने दावा किया कि कैमरों का कंट्रोल स्पीकर के पास है और उनका फोकस महिलाओं पर रहता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का काम संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता, ऐसे व्यक्ति को शर्म आनी चाहिए।

डोटासरा ने यह बयान कांग्रेस के वोट चोरी विरोधी अभियान को लेकर पीसीसी मुख्यालय में हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में कैमरे लगाकर विपक्षी महिला विधायकों पर निगरानी रखना जांच का विषय÷ है और यदि यह सच है तो यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी मामले को ÷गंभीर अपराध÷ बताते हुए जांच की मांग की। गहलोत ने आरोप लगाया कि अतिरिक्त कैमरों का कंट्रोल सिस्टम स्पीकर के चैंबर में रखा गया है, जिसे केवल स्पीकर या उनके निजी सचिव द्वारा देखा जा सकता है।

विधानसभा में यह मुद्दा सबसे पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने उठाया था। जूली ने सदन में पूछा कि इन अतिरिक्त कैमरों का एक्सेस किसके पास है और वे सदन स्थगित होने के बाद भी क्यों चालू रहते हैं। उन्होंने इसे विपक्ष की निगरानी का प्रयास बताया और राज्यपाल से इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की।

राजनीतिक गलियारों में अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या विधानसभा परिसर में स्थापित ये अतिरिक्त कैमरे केवल सुरक्षा के लिए थे या फिर किसी विशेष उद्देश्य से लगाए गए। मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# बंक्यारानी माता के दर्शन से लौटते श्रद्धालु हादसे का शिकार, बोलेरो खारी नदी में गिरी - सभी सुरक्षित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**



बंक्यारानी माता के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालु शनिवार शाम को बड़ा हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में जयनगर और शंभूगढ़ के बीच खारी नदी के पुल पर उनकी बोलेरो कार अचानक अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। कार में

एक ही परिवार के 10 सदस्य शामिल थे, जिनमें पांच महिलाएं, चार पुरुष और एक बच्चा दर्शन कर लौट रहे थे । लोगों की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया ।

जानकारी अनुसार, ब्यावर के नाहरपुरा निवासी सत्यनारायण नट अपने परिजनों के साथ बोलेरो से दर्शन कर लौट रहा था । इसी दौरान खारी नदी के पुल पर वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बोलेरो पुल से नीचे नदी में जा गिरी। उस समय नदी में करीब आधा फीट पानी बह रहा था।

हादसे के बाद पास के दुकानदारों और ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। कार में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में परिजन मामूली रूप से घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

सूचना पर शंभूगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से बोलेरो को नदी से बाहर निकलवाया। समय रहते हुए बचाव कार्य ने बड़ी जनहानि को टाल दिया।

# बजरी भरने पहुंचे दो ड्राइवर नदी में डूबे, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**



बजरी भरने के दौरान नदी में नहाने गए दो ड्राइवर तेज बहाव में बह गए। हादसा शनिवार को थाना क्षेत्र की जालमपुरा पुलिया के पास बनास नदी में हुआ। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों ने एक युवक का शव बरामद कर लिया, जबकि दूसरे की तलाश एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम कर रही है।

जानकारी के अनुसार, सवाई माधोपुर निवासी मोहसिन खान (20) और भरतपुर के भगोरा गांव निवासी मोहित पुजारी (22) बजरी भरने के लिए डंपर लेकर नदी किनारे आए थे। वाहन का नंबर आने में समय होने पर दोनों साथी नदी में नहाने उतर गए। इस दौरान पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में बह गए।

साथी रईश ने बताया कि वे तीनों नदी के किनारे नहा रहे थे। मोहसिन और मोहित पानी में आगे बढ़ गए, तभी उनका पैर फिसल गया। बचाने की कोशिश की गई, लेकिन सफल नहीं हो सके। सूचना पर थाना प्रभारी राजकुमार नायक, उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा, पंडेर नायब तहसीलदार रमेश चंद्र सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और माण्डलगढ़ से पहुंची , एसडीआरएफ टीम की मदद से मोहसिन का शव बरामद कर लिया, जबकि मोहित की तलाश जारी है ।

# हनीट्रैप मामला : बुजुर्ग के साथ हुई वारदात में शामिल 5 हज़ार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



हनीट्रैप कर रुपए ऐंठने वाली गैंग के मामले में पुर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने एक और आरोपी 5 हज़ार रुपए के इनामी को गिरफ्तार किया। यह गैंग महिलाओं के साथ मिलकर बुजुर्गों को फंसाकर लाखों की रंगदारी वसूल रही थी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में योजनाबद्ध तरीके से हनीट्रैप कर रकम ऐंठने वाली गैंग अब पूरी तरह धराशायी हो गई है । पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी कैलाश सिंह, पुत्र शंभु सिंह, उम्र 20 वर्ष, निवासी अहिंसा सर्कल, सुभाषनगर को गिरफ्तार किया है । कैलाश सुभाषनगर थाने के एक अन्य प्रकरण में भी वांछित था। इससे पहले पुलिस ने शेरू माली , निर्मला उर्फ निधि, कैलाश जाट , पियूष दमामी और नीतू हरिजन को गिरफ्तार किया है ।

गौरतलब है की 11 सितंबर को एक बुजुर्ग व्यक्ति ने पुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि महिला ने मोबाइल कॉल कर पंचायत के टेंडर के नाम पर मिलने को कहा। जब पीड़ित अपनी कार में गया, तो दो लड़कियां उसकी कार में बैठ गई और पीछा करते हुए चार लड़के आए। पीड़ित को सुनसान इलाके में ले जाकर मारपीट और धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग की गई। गैंग ने उसकी बुरी हालत के वीडियो और फोटो बना लिए और वायरल करने की धमकी दी। डर के कारण पीड़ित ने पांच लाख रुपये सौंपे। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए सभी आरोपियों को पुलिस हिरासत में ले लिया । पुलिस अब अग्रिम जाँच में जुटी है। ।

# भाजपा की जिला कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प और जीएसटी सुधारों पर चर्चा

## अरुण चतुर्वेदी बोले– प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य विकसित भारत 2047, भाजपा ले जाएगी संदेश जन-जन तक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भारतीय जनता पार्टी के केंद्र व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और नेक्स्ट-जेन जीएसटी रिफॉर्म्स अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहे, जबकि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अध्यक्षता की। विधायक लादूलाल पीतलिया, उदयलाल भडाना, गोपीचंद मीणा, गोपाल खंडेलवाल, महापौर राकेश पाठक, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी और वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज भी मंचासीन रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यशाला में चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी, जिसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नमो मैराथन, संगोष्ठियां, 'एक पेड़ मां के नाम', विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, चित्रकला और सांसद खेल महोत्सव जैसे कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के साथ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी के नए सुधारों को लेकर भी जनता तक पहुंचना होगा। उन्होंने पीएम मोदी के वोकल फॉर लोकल और विकसित भारत 2047 के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा का उद्देश्य देश को परम वैभव की ओर ले जाना है।

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक मनाया जाएगा और कार्यकर्ताओं को इसमें शत-प्रतिशत योगदान देना होगा। जीएसटी सुधारों और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के संदेश को भी व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सभी की है। कार्यशाला में महापौर राकेश पाठक, जिला महामंत्री अविनाश जीनगर और अभियान संयोजक विशाल गुरुजी ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट के स्वागत उद्बोधन से हुई। संचालन प्रहलाद त्रिपाठी ने किया और आभार जिला उपाध्यक्ष मंजू चेचाणी ने जताया। इस अवसर पर उपजिला प्रमुख शंकर गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख शक्तिसिंह हाड़ा, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, अमरसिंह चौहान, अशोक तलाइच, कल्पेश चौधरी, लक्ष्मण सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह मोटरास, राजेंद्र बोहरा, ललिता कंवर, लादूलाल जाट, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अभिश्रुता सोलंकी, शशांक बिड़ला, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवतसिंह राठौड़ सहित जिलेभर से जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा संयोजक और अभियानों से जुड़ी टीमें उपस्थित रहीं।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# विधायक गोपीचंद मीणा ने रेडवास क्षेत्र में जनसुनवाई कर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण


**दिनेश पारीक ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोटड़ी की कार्यशाला शनिवार को ग्राम पंचायत रेडवास स्थित जित्यास देवनारायण मंदिर परिसर में आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा रहे, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सैन ने की।



कार्यशाला में प्रभारी के रूप में उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर उपस्थित रहे। विधायक गोपीचंद मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।
उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर ने आत्मनिर्भर भारत अभियान पर अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।
कार्यशाला में महामंत्री राघव आचार्य, युवा मोर्चा अध्यक्ष सीताराम रायका, रेडवास सरपंच प्रतिनिधि जगन्नाथ बलाई, उदलियास सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण गाडरी, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट सहित तेज सिंह चारण, चंद्र सिंह, नारायण सिंह राठौड़, देवराज जाट, रामनारायण जाट, बद्रीलाल जाट सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खजूरी गांव में चोरी की वारदात, तीन मकानों से कीमती सामान गायब

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में बीती रात चोरों ने तीन अलग-अलग मकानों को निशाना बनाकर कीमती सामान चुरा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने अशोक रैगर, काली देवी माली और देवी लाल मीणा के मकानों की खिड़कियां तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अशोक रैगर के घर से चांदी के आभूषण समेत अन्य कीमती वस्तुएं ले गए। अन्य दो मकानों में भी सामान बिखेर दिया और जो भी कीमती मिला उसे चोरी कर लिया।
सुबह वारदात की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में रोष फैल गया और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।
ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

## दो साल से फरार 5 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा

भीलवाड़ा फोकस @बिगोद



जिला स्पेशल टीम भीलवाड़ा और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दो साल से फरार 5 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी जय सुल्तान ने बताया की आरोपी की पहचान राजूलाल (25) पुत्र नंदलाल मीणा, निवासी कोदुकोटा, सदर के रूप में हुई। राजूलाल थाने के 2023 के एक प्रकरण में वांछित था। जिसे गिरफ्तार कर अग्रिम अनुसंधान शुरू किया गया है

## शक्तावत बने इंस्पेक्टर, चारभुजानाथ मंदिर में समाजजनों ने किया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण।

**दिनेश पारीक।** तहसील क्षेत्र के कांटी निवासी सुरेंद्र सिंह शक्तावत को पुलिस सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति मिलने पर क्षेत्रवासियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शक्तावत ने कोटड़ी चारभुजानाथ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह में चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम चेचाणी, पंकज छापरवाल, घनश्याम पोरवाल, गुड्डा वैष्णव, समाजसेवी बलवंत भट्ट और एडवोकेट शिव प्रकाश भट्ट ने उन्हें माल्यार्पण, दुपट्टा और चारभुजानाथ की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया। ग्रामीणों और समाजजनों ने कहा कि शक्तावत की यह उपलब्धि कोटड़ी तहसील का गौरव है और उन्होंने अपने कर्तव्य और सेवा के माध्यम से क्षेत्र का नाम रोशन किया।



## हनुमान नगर मारपीट मामले में शाहपुरा सत्र न्यायालय का फैसला, दो अभियुक्तों को 10 साल की सजा



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(पेसवानी)** – अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी ने 2017 में हनुमान नगर क्षेत्र में हुई मारपीट और लूट के मामले में शनिवार को दो अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए अधिकतम 10 वर्ष का साधारण कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला उस समय सुर्खियों में आया था, जब पीड़ित पर चाकू से हमला कर सोने की चेन और नगदी लूट ली गई थी।
अपर लोक अभियोजक हितेश शर्मा ने बताया कि परिवादी राजेंद्र कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर संख्या 105/2017 दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में आशुतोष और अश्वनी कुमार पर भारतीय दंड संहिता , आयुध अधिनियम के तहत आरोप पत्र पेश किया गया।
अभियोजन ने 15 गवाहों और 38 दस्तावेजीय साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों का दोष सिद्ध कराया। न्यायालय ने माना कि अभियुक्तों का कृत्य गंभीर और समाज के लिए चुनौतीपूर्ण है। फैसले के दौरान पीड़ित परिवार, पुलिस अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। अभियोजन पक्ष ने इस निर्णय को अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम कदम बताया।

# बाड़े का गेट नहीं खोलने पर भड़का युवक , परिवार से जातिगत गाली गलौज कर की मारपीट , मामला दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

उदलियास गांव में एक विवाद के दौरान दलित युवक और उनके परिवार के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़िता राधा देवी बैरवा, पत्नी किशन बैरवा ने कोटड़ी थाने में मामला दर्ज कराया है । पीड़िता ने बताया की उनके पड़ोसी शिवलाल शर्मा, पुत्र गोपाल लाल शर्मा ने बाड़े के गेट को लेकर विवाद के बाद उनके पति और पुत्र के साथ हाथापाई की।



आरोपी ने झगड़े के दौरान लकड़ी का इस्तेमाल कर मारपीट करते हुए जातिगत गाली-गलौज भी की।
पीड़िता ने बताया कि यह विवाद बाड़े के गेट को खोलने को लेकर शुरू हुआ और इसके बाद आरोपी ने परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया । कोटड़ी पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

# थलकलां टीम ने कबड्डी में मारी बाजी, 17 व 19 वर्षीय वर्ग में जीता खिताब

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

69वीं वृत्त स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा में संपन्न हुआ, जिसमें थलकलां की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया। थलकलां के खिलाड़ियों की इस जीत से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थलकलां में विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच धर्मीचंद संचेती, सीआर प्रतिनिधि हरीश चौधरी, पीईईओ कैलाशचंद्र मीणा, विद्यालय समिति अध्यक्ष घनश्याम पाराशर, शिक्षक अशोक शर्मा, नारायणलाल कुम्हार, नरेंद्रसिंह पंवार, भूरालाल कुम्हार, पीटीआई मदनलाल सहित ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## काछोला-पारोली रोड की बदहाली पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, बोले - अब सब्र नहीं, जल्द सुधार करो



भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

कस्बे से पारोली रोड की जर्जर हालत से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को सड़क पर उतरकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व में बड़ा योगदान देने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो रही, जगह-जगह गड्ढों के कारण हादसे बढ़ रहे हैं। हाल ही में चैनपुरा पुलिया पर एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। चवलेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं ने भी नाराजगी जताई। ग्रामीण किशन सिंह ने बताया की, हम वर्षों से मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग केवल आश्वासन देता है, सड़क अब गड्ढों में बदल चुकी है। शिवकुमार गुर्जर ने कहा कि खराब सड़क से मंदिर आने वाले यात्री परेशान हैं, इसे जल्द बनाया जाए।बनवीर सिंह ने कहा की, बच्चों को स्कूल ले जाना हो या बीमारों को अस्पताल पहुंचाना, हर समय जोखिम उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा ।



### 2 करोड़ की सड़क और किसानों का अधिकार: कोटड़ी में दिखी राजनीतिक तकरार

# गोपीचंद मीणा बोले– 'सौगातें मिली हैं, राजनीतिक स्टंट बेकार', धीरज गुर्जर बोले– 'किसानों का हक पाने तक लड़ाई जारी'

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना ।**



कोटड़ी: अटल प्रगति पथ के उद्घाटन पर संबोधित करते विधायक मीणा



कोटड़ी : गुर्जर ने ली जन अधिकार आंदोलन की तैयारी बैठक

नगर में शनिवार को विकास और किसान हित को लेकर राजनीतिक हलचल रही। भाजपा विधायक गोपी चंद मीणा ने लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली अटल प्रगति पथ सड़क का उद्घाटन किया और कहा, ÷यह सड़क क्षेत्र के विकास में नई गति लाएगी और क्षेत्रवासियों के जीवन को आसान बनाएगी।÷

मीणा ने कोटड़ी में चल रहे विकास कार्यों की सौगातें गिनाई, जिनमें नवीन कॉलेज भवन, उप जिला अस्पताल, अगरपुरा-कोटाज एमडीआर सड़क, स्टेडियम, खेल मैदान, बस स्टैंड और बाईपास सड़क शामिल हैं। उन्होंने कहा, ÷श्री चारभुजानाथ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना भी है। भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री के सहयोग से कोटड़ी को दर्जनों सौगातें दी हैं, जबकि पूर्व नेता केवल घोषणाएं करते रहे। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा, सरकार ने अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों की गिरदावरी और मुआवजे की घोषणा पहले ही कर दी है। विपक्ष का आंदोलन केवल राजनीतिक स्टंट है।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री कन्हैया लाल जाट, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, श्रीचारभुजा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं, कांग्रेस ने भी किसानों और आमजन के हक के लिए सक्रियता दिखाई। जिलेभर और उपखंड में अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कोटड़ी में आयोजित की गई।

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने बैठक में कहा, 19 सितंबर को भीलवाड़ा में बड़ा आंदोलन होगा। यह आंदोलन किसानों, युवाओं और आमजन के हक की लड़ाई है। इसे सफल बनाना हर कार्यकर्ता का कर्तव्य है। गुर्जर ने सरकार से फसलों का तत्काल सर्वे और मुआवजा, पिछली फसल का बकाया भुगतान, सरपंचों को कार्यभार ग्रहण कराना, ग्राम पंचायत परिसमन में जनहित का ध्यान, जर्जर विद्यालय भवन और शौचालयों की मरम्मत, और भीलवाड़ा शहर में जलभराव के समाधान की मांग उठाई।

बैठक में पंचायत समिति सदस्य, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनवारी शर्मा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य, कोटड़ी ग्राम सेवा समिति अध्यक्ष नरपत सिंह, अधिवक्ता दिनेश बडेला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**QUICK BITES**

## उदयलाल माली बने दिशा समिति के राज्य स्तरीय सदस्य

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा**



जिले के लाम्बियाकलां निवासी उदयलाल माली को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा में राज्य स्तरीय सदस्य मनोनीत किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली इस समिति में उनका चयन दिशा के केंद्रीय सचिव पियूष राजन द्वारा जारी आदेश के तहत हुआ। पूरे राजस्थान में अब तक केवल दो गैर सरकारी सदस्यों को इस समिति में स्थान मिला है। दिशा समिति 29 विभागों की 89 योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की निगरानी करती है। इन योजनाओं में ग्रामीण विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। नवनियुक्त सदस्य उदयलाल माली ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना है। उन्होंने भरोसा जताया कि वे ग्रामीण विकास को गति देने के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करेंगे राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के महामंत्री गोपाल लाल माली ने बताया कि माली सैनी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष उदयलाल माली को राज्य स्तरीय दिशा समिति में नियुक्त किए जाने से पूरे माली समाज में हर्ष की लहर है। मेवाड़ संभाग से माली समाज के किसी प्रतिनिधि को पहली बार इस समिति में शामिल किया गया है। महासभा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

## राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित, 85 प्रकरणों का निस्तारण

### 11 लाख से अधिक की राशि के समझौते

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**




तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी की मौजूदगी में शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 85 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इनमें बैंक और बिजली विभाग से जुड़े मामले, 30 एनआई एक्ट, 26 एफआर और 8 आईपीसी से संबंधित प्रकरण शामिल थे। लोक अदालत में कुल 11 लाख 20 हज़ार 507 रुपए की राशि के समझौते कराए गए। कार्यक्रम में तहसीलदार ललित कुमार डिडवानिया, रीडर गोपेश शर्मा, निजी सहायक हिमांशु उपाध्याय, दिलखुश मीणा, नरेश कुमार धाकड़, अजय मीणा, अनवर हुसैन, एडवोकेट लक्ष्मी लाल सुराणा, जगदीश चंद्र धाकड़, ब्रह्म प्रकाश तिवारी, अनिल कुमार धाकड़, नरेश सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, ललिता सुवालका, पीएलवी रामबाबू माथुर और एसबीआई शाखा प्रबंधक गोपाल लाल लखारा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्टाफ की कमी से नाराज ग्रामीणों ने स्कूल के ताले लगाए , समझाईश के बाद खोला

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ**



क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बृज की डूंगरी में शनिवार को स्टाफ की कमी के चलते नाराज ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। विद्यालय में कुल 8 कक्षाएं और 79 छात्र-छात्राएं हैं, लेकिन केवल 2 शिक्षक होने के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में धरना दिया और अधिकारियों को बुलाने की मांग की। सूचना मिलने पर पीईईओ चंद्र प्रकाश गुप्ता मौके पर पहुंचे और समझाइश की । उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दो अतिरिक्त शिक्षकों की अस्थाई व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने ताला खोला और पढ़ाई पुनः शुरू हुई।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि स्थायी शिक्षक नहीं लगाए गए तो वे पुनः आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पीईईओ ने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभाग को अवगत करा दिया गया है और शीघ्र ही स्टाफ बढ़ाने की कार्रवाई की जाएगी।

## मॉडल स्कूल की छात्राएं अव्वल, राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



जिला स्तरीय कला उत्सव में मॉडल स्कूल सुवाणा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान हासिल किया। समूह गान में पूनम कंवर, चंचल सुखवाल, लक्ष्मी खटीक और चंचल साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दृश्य कला (द्विआयामी) में श्रेया भंडारी और साक्षी खटीक ने द्वितीय स्थान पाया।

प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि छात्राओं ने दल प्रभारी शिमला और संगीत शिक्षक उज्जवल वैष्णव के निर्देशन में भाग लिया। प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्राएँ अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय परिवार ने उन्हें राज्य स्तर के लिए शुभकामनाएं दी।

## भीलवाड़ा जैन संगिनी स्पार्क का स्नेह मिलन, मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष सत्र आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा जैन संगिनी स्पार्क की ओर से स्नेह मिलन समारोह एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता परामर्श मनोवैज्ञानिक एवं लेखिका डॉ. देवयानी जैन रहीं।

मीडिया प्रभारी डॉ. श्वेता जैन ने बताया कि डॉ. देवयानी ने सत्र में मानसिक स्वास्थ्य, चिंता को समझने और उससे उबरने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सकारात्मक सोच अपनाने और संतुलित जीवन शैली पर जोर दिया।

संगिनी स्पार्क की अध्यक्ष दीपा सिसोदिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सभी सदस्यों का परिचय कराया। क्लब सदस्य आयुषी सूर्या और काव्या जैन ने मनोरंजक खेल व गतिविधियों का संचालन कर माहौल को जीवंत बना दिया।

इस अवसर पर सचिव रविता जैन, जिम्मी जैन, मोनिका रांका, मीनू जैन, सुमन हिंगड़, सोनल नहर, मोनी बंसल, पूनम जैन, रुचिका जैन, रेनू बाफना, पायल गोधा, प्रियंका भारजातीय, सोनी लोढ़ा, सपना चौधरी, स्वाति जैन, संगीता सुराणा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 17 सितम्बर से जिले में होंगे तीन बड़े अभियान शुरू

## शहरी-ग्रामीण शिविरों व सहकार सदस्यता से आमजन होंगे लाभान्वित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में 17 सितम्बर से शहरी सेवा शिविर, ग्रामीण सेवा शिविर और सहकार सदस्यता अभियान शुरू होंगे। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि इनका उद्देश्य योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुँचाना है।

शहरी शिविरों में सफाई, स्ट्रीट लाइट, सड़कों की मरम्मत, ऋण वितरण, पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र व अन्य सेवाएं मिलेंगी। ग्रामीण शिविरों में नामांतरण, स्वामित्व योजना, स्वास्थ्य जांच, बीज वितरण, पेंशन व अन्य विभागीय सेवाएं दी जाएंगी।

सहकार सदस्यता अभियान से युवाओं व महिलाओं को सहकारी समितियों से जोड़ा जाएगा, नए पैक्स गठन व ई-केवाईसी जैसे कार्य होंगे। कलक्टर ने लोगों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की।

अभियानों के लिए एडीएम प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जबकि उपखंड अधिकारी स्थानीय प्रभारी रहेंगे।

# समय पर जारी हुई नई अफीम नीति, किसानों में खुशी - कुछ प्रावधानों पर जताया विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**सवाईपुर। (सांवर वैष्णव)** - भीलवाड़ा डिविजन के सवाईपुर, बेगू, बिजौलिया, कोटड़ी, मांडलगढ़, जहाजपुर, रावतभाटा सहित कई गांवों में अफीम की खेती करने वाले किसानों के लिए राहत भरी खबर है। वर्ष 2025-26 के लिए अफीम बुआई नीति इस बार सितंबर के प्रथम पखवाड़े में ही जारी कर दी गई, जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत नारकोटिक्स विभाग ने समय पर नीति जारी की। भारतीय किसान संघ ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताया और कहा कि समय पर नीति से किसान खेतों की तैयारी और बुवाई आसानी से कर सकेंगे।



हालांकि, कुछ प्रावधानों को लेकर किसानों ने आपत्ति जताई है। भारतीय किसान अफीम आयाम प्रांत अध्यक्ष बद्रीलाल तेली ने कहा कि सीपीएस पद्धति के तहत 2022-23 में 67.5 किलो प्रति 10 आरी और 2024-25 में 80-90 किलो प्रति 10 आरी देने वाले किसानों के लाइसेंस क्षेत्र को 10 आरी से घटाकर 5 आरी कर दिया गया है, जिससे किसान नाराज हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस फैसले पर पुनर्विचार कर मार्फिन सीमा 4.2 से घटाकर 3.0 की जाए। जिला अफीम आयाम प्रमुख रामपाल जाट ने कहा कि नई नीति समय पर जारी होना किसानों के हित में है, परंतु लाइसेंस क्षेत्र में कटौती और सीपीएस किसानों पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए।

# फुलिया कलां में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा, आयुष्मान कार्ड व टीकाकरण पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(पेसवानी)।** शाहपुरा ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार और राष्ट्रीय व विभागीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए फुलिया कलां स्वास्थ्य केंद्र पर मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बीसीएमओ डॉ. एस. एन. शर्मा ने की। इसमें सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एलएचवी, एएनएम, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर और डाटा एंट्री ऑपरेटर मौजूद रहे।



डॉ. शर्मा ने आयुष्मान कार्ड वितरण में तेजी लाने, गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीकरण सुनिश्चित करने और परिवारों के बैंक खाता विवरण 100 प्रतिशत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी प्रक्रिया में कम प्रगति वाले कर्मियों को लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के लिए कहा गया।

टीकाकरण कार्यक्रम में एमआर-1 व एमआर-2 से वंचित बच्चों को जल्द टीका लगाने और परिवार कल्याण कार्यक्रम में सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को रोजाना स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग और सेक्टर स्तरीय बैठकों की समीक्षा रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

टीबी कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग, एक्स-रे और नोट टेस्ट का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया गया। बारिश के मौसम को देखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों में मौसमी बीमारी सर्वेक्षण व समय पर उपचार के निर्देश दिए गए। बैठक में राष्ट्रीय व विभागीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा कर कार्ययोजना तैयार की गई। डॉ. शर्मा ने स्वास्थ्य कर्मियों से समर्पण भाव से कार्य कर ग्रामीण जनता को बेहतर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

# फसल बीमा क्लेम व गिरदावरी में देरी पर कादीसहना के किसानों का एडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(पेसवानी)।** क्षेत्र की कादीसहना ग्राम पंचायत के किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम भुगतान और फसल खराबे की गिरदावरी में देरी के विरोध में एडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याएं बताईं। किसानों ने कहा कि लगातार अतिवृष्टि से फसलें नष्ट हो गईं और चारे की भारी कमी हो गई है, लेकिन बीमा कंपनियां क्लेम भुगतान में टालमटोल कर रही हैं। खरीफ 2024 का फसल अनुदान भी अब तक नहीं मिला। किसानों ने मांग की कि बीमा राशि समय पर दी जाए और फसलों की गिरदावरी शीघ्र कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।




# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(पेसवानी)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में संकल्प हब के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना पर 10 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यशाला हुई।

कार्यशाला में महिला सुपरवाइजर पुष्पा चौहान ने यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, सुरक्षित मातृत्व, मासिक धर्म स्वच्छता, परिवार नियोजन और यौन जनित रोगों से बचाव पर जानकारी दी। पीएसके काउंसलर ने गर्भावस्था में सही खानपान, संस्थागत प्रसव व महिला हेल्पलाइन की उपयोगिता बताई।

सखी सेंटर की प्रबंधक मीनाक्षी सेन, काउंसलर मीनाक्षी गहलोत और अन्य स्टाफ ने महिला सुरक्षा व शिक्षा योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं को इंग्लिश स्पोकन कोर्स से आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुंचाएंगी।



## QUICK BITES

### भीलवाड़ा में आज होगा सिंधी राजपत्रित अधिकारियों का सम्मान समारोह

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**(पेसवानी)।** सिंधी एम्प्लाईज वेलफेयर सोसाइटी, भीलवाड़ा के तत्वावधान में रविवार को सिंधी राजपत्रित अधिकारियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित होगा। यह कार्यक्रम शाम 5-30 बजे सिंधु नगर स्थित संत कंवरराम धर्मशाला में संपन्न होगा। संस्था के सदस्य हीरालाल गुरनानी ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज के वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारियों को उनके उल्लेखनीय योगदान एवं सेवाओं के लिए सम्मानित करना है। अध्यक्ष अंबालाल नानकानी ने कहा कि आयोजन में महंत स्वामी गणेशदास गोविंद धाम का सानिध्य समारोह को आध्यात्मिक महत्व प्रदान करेगा।

समारोह में समाज के सभी वर्गों एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग आमंत्रित हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिससे सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया जाएगा।

### शाहपुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन, पारिवारिक विवाद भी आपसी सुलह से सुलझे

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण कर पक्षकारों को शीघ्र, संतोषजनक न्याय प्रदान किया गया। इस मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सानिया हाशमी और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली, वैवाहिक विवाद, दीवानी व आपराधिक शमनीय वाद, श्रम विवाद, बिजली और जल-कर संबंधी मामलों सहित अनेक वादों पर सुनवाई हुई। बेंच प्रथम में 184 वाद आपसी सुलह से निपटाए गए, जिनसे पक्षकारों को 3 करोड़ 38 हजार रुपये का अवार्ड पारित हुआ। बैंक और बिजली से जुड़े 22 प्रकरणों में लगभग 40 लाख रुपये के अवार्ड जारी किए गए।

इसी दौरान कादीसहना निवासी सगे भाइयों का वर्षों पुराना पारिवारिक विवाद भी सुलझा। एसीजेएम सीमा चौहान ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक समझाइश करवा पारिवारिक संबंधों की महत्ता बताई, जिसके बाद भाइयों ने गिले-शिकवे भुलाकर मिलकर रहने का संकल्प लिया।

हाशमी ने कहा कि लोक अदालतें न केवल न्यायालयों के बोझ को कम करती हैं, बल्कि पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद सुलझाने का अवसर भी देती हैं। उन्होंने अधिकाधिक लोगों से लोक अदालत में सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिवक्ता अंकित शर्मा, अनिल शर्मा, नमन ओझा, आशीष पालीवाल, हितेश शर्मा, लाला राम गुर्जर, सोहेल खान, आशीष भारद्वाज, कर्मचारी सुधीर उपाध्याय, सर्वेश्वर मेघवंशी, कैलाश जांगिड़, नवीन महावर, शिवराज धाकड़, रोनक सोनगरा, भंवर शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे ।

### शाहपुरा बियर्ड क्लब ने इंदौर प्रतियोगिता में चमक बिखेरी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



इंदौर में सेलिब्रिटी बियर्ड क्लब मप्र की ओर से आयोजित पहली बियर्ड कंपीटिशन में शाहपुरा बियर्ड क्लब के सदस्यों ने शानदार प्रदर्शन कर शाहपुरा का नाम रोशन किया।

क्लब के संस्थापक डॉ. इशाक खान ने बताया कि 12 सितंबर को हुए इस मुकाबले में देशभर से 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शाहपुरा से एडवोकेट दीपक पारीक ने ग्रे बियर्ड श्रेणी में और प्रवीण सुखवाल ने लॉन्गेस्ट मूंछ में खिताब जीता। दोनों हाल ही में कोटा बियर्ड शो में भी विजेता रह चुके हैं। क्लब दाढ़ी-मूंछ की कला को बढ़ावा देते हुए युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत से मिले कांग्रेस नेता, शाहपुरा को जिला बनाने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनीष नायक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाक़ात कर शाहपुरा को पुनः जिला बनाने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान मनीष नायक ने गहलोत से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कहा कि सरकार बदलते ही शाहपुरा का जिला दर्जा समाप्त कर देना बेहद दुखद रहा। उन्होंने आग्रह किया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर शाहपुरा को फिर से जिला घोषित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में प्रस्तावित 100 उपतहसीलों को समाप्त करने की सूचनाओं पर चिंता व्यक्त की और विशेष रूप से ढिकोला उपतहसील को यथावत रखने की मांग की। इसके अलावा, भीलवाड़ा जिले और शाहपुरा क्षेत्र में फसल खराबे से किसानों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। नायक ने बताया कि लगातार अतिवृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे वे मायूस और पीड़ा में हैं। गहलोत ने आश्वस्त किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर शाहपुरा को पुनः जिला बनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अभिषेक पाराशर, प्रदेश कार्यकारी सदस्य चेतन भाट और भेरू खटीक भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।